THE COMPOST COLLECTIVE

खाद गमला

शुरुआत करें

अपने खाद के बिन को रखने के लिए एक धूप वाली जगह को चुनें। सीधा जमीन या मिट्टी पर रखें ताकि मिट्टी के जीवाणु उसमें प्रवेश कर सकें। तले पर टहनियों की परत जमाएं ताकि अंदर हवा का प्रवाह आसानी से हो सके।

इसमें क्या डाला जाए

हरे रंग की चीजोंमें कोई भी नरम, ताजा, गीली या भीगी चीज और नाइट्रोजन से भरपूर, जैसे कि खाद्य अपविष्ट या ताजा हरी उद्यानों या घास की कतरनें आती हैं।

भूरी वस्तुओं में कोई भी भूरी, भंगुर और कार्बन-समृद्ध चीजें शामिल हो सकती हैं, जैसे शरद ऋतु में झड़ी हुई पत्तियां, कागज़ और गत्ता, लकड़ी के बर्तन, सींकें और चॉपस्टिक, लकड़ी की अनुपचारित छीलन या उद्यानों की सूखी, भूरे रंग की कतरनें।

क्या नहीं मिलाना चाहिए

हानिकारक खरपतवार, कुत्ते और बिल्ली का मल पदार्थ (घास-भक्षक, शाकाहारी जानवरों से मिलने वाली खाद ठीक है), तेल और अन्य तरल पदार्थ, खाद में बदलने योग्य व्यावसायिक पैकेजिंग, या रोटी, पास्ता और मांस जैसे पकाए गए और/या संसाधित खाद्य पदार्थ जिन पर बोकाशी का प्रयोग ना किया गया हो।

EcoMatters

Kaipātiki Project
share in nature's revival

Auckland Council
Te Kaunihera o Tāmaki Makaurau

खाद गमला



खाद सैंडविच

खाद बनाने के लिए, आपको परतों में, एक तरह से सैंडविच के जैसे अपने हरे और भूरे रंग के पदार्थों को मिलाने की जरूरत है।

1. एक उचित संतुलन 30% हरा और 70% भूरा होता है।
2. सैंडविच को तले की ' भूरे रंग ' की परत से शुरू करें
3. उसके बाद, समान रूप से एक हरे रंग की परत को फैला दें। इसे सैंडविच फिलिंग (भरना) कहा जाता है
4. सुनिश्चित करें कि मोटाई में हरी परत भूरे रंग की तले की परत के बराबर है
5. अगर चाहें तो अपघटन (सड़ाने) में तेजी लाने के लिए दोनों परतों को एक साथ मिला दें
6. बराबर की भूरे रंग की परत के साथ ढक दें। यह सैंडविच ढक्कन है और इससे गंध और मक्खियों को कम करने में मदद मिलती है

समस्या ही समाधान है

चूहे भोजन और आश्रय के स्रोत के रूप में खाद की तरफ आकर्षित हो सकते हैं। इसलिए आपका खाद का गमला आपके घर से दूर कीट नियंत्रण के लिए जाल फैलाने और चारा प्रलोभन स्थापित करने के लिए एक अच्छी जगह है।

यदि चूहों की समस्या बनी रहती है तो;

- सुनिश्चित करें कि ढक्कन हमेशा मजबूती से बंद रहता है
- अपना खाद गमला ऐसी तार की जाली के तले पर रखें जो उसके किनारे से 10 सेंमी बाहर फैलती हो और उसे बांध दें।
- तार की जाली को एक बाधा के रूप में हवा आने के छेदों में पिरो दें, जिससे हवा का संचार होना फिर भी जारी रहता है।

अपनी खाद का भरण करें

चित्र में दिखाए गए तरीके से अपनी खाद का परतों में भरण करें, लेकिन याद रखें, खाद को एक स्पंज की तरह नम या गीला होना चाहिए। तदनुसार, सूखी सामग्री में पानी मिलाएं, नमी को बनाए रखने के लिए उसे ढक दें और सुनिश्चित करें कि उस ढेर में और उसके आसपास हवा का अच्छी तरह से प्रवाह होता है।





हार्वेस्ट (फसल) का समय

खाद तब फसल (यानि इस्तेमाल) के लिए तैयार होती है जब वह मीठी सुगंध वाली, गहरे रंग की और भुरभुरी हो जाती है और उसमें आप मूल सामग्री की पहचान नहीं कर सकते। इसमें तकरीबन 6-8 महीने लगते हैं।

गमले को हटा कर खाद सामग्री के निचले 1/3 हिस्से को निकाल लें। बगीचे के कांटे के साथ ऊपर की 2/3 आधी तैयार सामग्री को हटा लें और उसे वापस बिन में डाल दें। इससे एक अच्छी क्वालिटी की खाद का ढेर रह जाएगा जिसे आप अपने बगीचे में फैला सकते हैं।

सुझाव

- आपकी खाद के ढेर का हर समय एक स्पंज की तरह नम रहना जरूरी है लेकिन गीला नहीं होना चाहिए, क्योंकि ऐसा होने से हवा का संचार रुक जाएगा।
- फोर्क (बगीचे का कांटा) से अपनी खाद की ऊपरी परतों को नियमित रूप से हिलाएं, यह ध्यान रखते हुए कि उसे खाद सामग्री के तले की परतों के साथ न मिलाया जाए। इससे ताजा सामग्री को हवा लगने में मदद मिलेगी जबकि हिलाने से कीटों को रोकने में मदद मिलेगी।
- 6-8 महीने बाद ढेर के नीचे खाद मिलेगी

आपका स्वास्थ्य एवं सुरक्षा

खाद में सूक्ष्म जीव जैसे कि Legionella, जो कि दुर्लभ अवसरों पर गंभीर बीमारी पैदा कर सकता है, शामिल हो सकते हैं। यह सलाह दी जाती है कि चेहरे पर मास्क या मुखौटा पहनें और अगर खाद में से भाप निकल रही हो तो भाप में सांस लेने से बचें।

खाद के साथ काम करते समय हमेशा दस्ताने पहनें और बाद में अपने हाथ धो लें।